Killing of Passengers on Sealdah-Belghoria Line

1554, SHRI GADADHAR SHAH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether over the past few months a number of people travelling on Sealdah-Belghoria line have been dragged out of train compartments and killed by the anti-social elements particularly in Dum-Dum Junction and other junctions in its neighbourhood ;

(b) if so, the total number of persons who have been killed or injured in such incidents during the year 1970-71 ; and

(c) the steps being taken to provide safety to its passengers travelling on that line ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA) : (a) to (c). The information is being collected and will be placed on the Table of the Sabha.

चुराये गये रेलवे के बिजली के तारों का दिल्ली की एक फर्म के गोदाम से मिलना

1555. **श्री नरेन्द्र सिंह विष्ट** : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ ही दिन पहले लगभग 1.5 लाख रुपये के चोरी के रेलवे के बिजली के तार, दिल्ली की एक फर्म के गोदाम से मिले थे ;

(ख) क्या इस मामले की कोई जांच कराई गई है ; और यदि हां तो उसका क्या परिणाम निकला ; और

(ग) दोषी पाये गये व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मन्त्री (श्री हनुमंतैया) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता ।

लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाओं के लिये जमानत के रूप में जमा राशि

1556. **श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट** : क्या विधि तथा न्याय मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लोक सभा के चुनाओं में सरकार को उम्मीदवारों की जमानत के रूप में जमा राशि से कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई थी ; और

(ख) क्या सरकार का विचार लोक सभा और विधान सभाओं के चुनाओं के लिये जमानत के रूप में जमा की जाने वाली राशि बढ़ाने का है ?

विधि और न्याय मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : (क) यह जानकारी विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन आफिसरों से मंगाई जा रही है ।

(ख) निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त की गई सिफारिश की परीक्षा की जा रही है ।

दिल्ली हावड़ा लाइन पर नई रेल गाड़ी का चलाया जाना तथा उसकी वर्तमान क्षमता में वृद्धि

1557. **श्री जगन्नाथ राव जोशी** :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार दिल्ली-हावड़ा लाइन पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए एक नई रेल गाड़ी चलाने और वर्तमान गाड़ियों में सोने के स्थानों और बैठने के स्थानों की संख्या में वृद्धि करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्तावों को कब क्रियान्वित किया जायेगा ?

रेल मन्त्री (श्री हनुमंतैया) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

मध्य रेलवे में शेड रहित प्लेटफार्म

1558. **श्री जगन्नाथ राव जोशी** : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य रेलवे में ऐसे कितने स्टेशन हैं जिनके प्लेटफार्मों पर शेड नहीं है ; और